जवानी जानेमन के ट्रेलर में दिखा सैफ और तब्बू का फंकी अंदाज़, आलिया फर्नीचरवाला ने भी चलाया जादू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सैफ अली खान, तबू, आलिया फर्नीचर वाला स्टारर फिल्म जवानी जानेमन का तड़कता भड़कता ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है। फिल्म में सैफ का किरदार काफी एनर्जेटिक है। हालांकि, फिल्म अपने अनाउंसमेंट के समय से ही चर्चा में है, लेकिन अब ट्रेलर ने लोगों का दिल पूरी तरह से दिल जीत लिया है। ट्रेलर में सैफ को एक मस्ती करने वाले पार्टी मैन के अंदाज़ में दिखाया गया है, जिसे अचानक पता चलता है कि उसकी एक टीनेज बेटी यानी आलिया फर्नीचरवाला हैं। काफी समय बाद आपको भी सैफ के इस फंकी अंदाज़ से प्यार हो सकता है। आलिया अपने पापा यानी सैफ को तब्बू से मिलवाती हैं, लेकिन न तो सैफ को यकीन है कि वह आलिया की मां हैं और न ही तब्बू को यकीन हो रहा कि सैफ उनकी बेटी के पिता हो सकते हैं। तब्बू भी अपने लुक से ऑडियंस को हैरान करने की पूरी तैयारी में हैं। कहानी काफी मजेदार और कॉमिडी से भरपूर दिख रही। फिल्म के बैकग्राउंड में ये दिल्लगी का आइकॉनिक गाना ओले ओले इसे और जानदार बनाता नजर आ रहा है। ट्रेलर से पहले फिल्म को पोस्टर्स को लेकर भी काफी चर्चा रही। रिपोर्ट्स की मानें तो सैफ ने जवानी जानेमन के लिए न केवल अपने बालों को शॉर्ट कराया, बल्कि इस फिल्म के लिए अपना 11 किलो वजन भी कम कर लिया। इससे भी बड़ी बात यह कि उन्होंने यह सब बिना किसी ट्रेनर या न्यूट्रिशनिस्ट की मदद से किया। सैफ इसके लिए सही मात्रा में केवल घर का बना खा रहे थे और बेसिक वर्कआउट कर रहे थे। यह फिल्म 31 जनवरी 2020 को रिलीज होगी। जवानी जानेमन को नितिन कक्कड़ डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए ऐक्ट्रेस पूजा बेदी की बेटी आलिया बॉलिवुड में डेब्यू कर रही हैं।

करीना ने किया कन्फर्म बन रही है वीरे दी वेडिंग 2

फिल्म वीरे दी वेडिंग की रिलीज हुई थी तो उसे अपनी कहानी और बोल्ड मैटर के लिए दर्शकों और क्रिटिक्स से मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला था। अब फिल्म का दूसरा पार्ट भी बनने जा रहा है। इसे लेकर पहले रिपोर्ट्स ही थीं लेकिन अब खुद करीना कपूर ने इस बात पर मुहर लगा दी है।

जानकारी के अनुसार, एक लेटेस्ट इंटरव्यू में करीना कपूर ने माना कि वीरे दी वेडिंग 2 बनने जा रही है। फिल्म अभी प्री-प्रॉडक्शन स्टेज में है और रिया कपूर जिन्होंने पहली फिल्म को भी डायरेक्ट किया था वह लगातार दूसरे पार्ट को लेकर भी काम कर रही हैं। करीना ने बताया कि वह दूसरे पार्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि पहले पार्ट की शूटिंग के दौरान उन्हें काफी मजा आया था और इस एक्सपीरियंस को वह दोबारा अनुभव करना चाहेंगी। वैसे ऐसी रिपोर्ट्स पहले आई थीं कि वीरे दी वेडिंग 2 बनने जा रही है और उसमें सोमन कपूर और स्वरा भास्कर की कास्टिंग पक्की हो चुकी है। उस दौरान करीना के इस फिल्म के पार्ट बनने को लेकर भी असमंजस था, लेकिन अब लगता है कि दर्शक पहली फिल्म की ही लीड हिरोइन्स को एक बार फिर साथ में सिल्वर स्क्रीन पर देख सकेंगे।

मेरे लिए मेरी जिंदगी की प्राइवेसी बहुत मायने रखती है: संजीदा शेख

टीवी की दुनिया की सबसे मशहूर जोड़ियों में से एक एक्टर आमिर अली और एक्ट्रेस संजीदा शेख अपने शादीशुदा

जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं. खबरें आ रही हैं कि दोनों अलग हो गए हैं. इस मामले को लेकर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है. वहीं बताया जा रहा है कि इस कपल के तीन से चार महीने की एक बेटी भी है.

एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की है जिसमें उन्होंने लिखा, मेरे लिए मेरी जिंदगी की प्राइवेसी बहुत मायने रखती है. कुल मिलाकर एक्ट्रेस इस मामले में कुछ भी कहने से बचती नजर आ रही हैं. उन्होंने अपने पति आमिर से अलग होने की खबर पर पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है.

हालांकि उनके इस स्टेटस को सोशल मीडिया पर फैंस उनके तलाक से जोड़कर देखा जा रहा है. वहीं दूसरी तरफ एक्टर आमिर अली ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की. उन्होंने अपने और संजीदा शेख की अलग होने की खबरों को महज अफवाह बताया. उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, मीडिया में आने वाली ऐसी तमाम खबरें बेबुनियाद हैं और हम दोनों के बीच सब कुछ सही चल रहा है. ये सब सिर्फ अफवाहे हैं. बता दें कि एक्टर आमिर और एक्ट्रेस संजीदा की शादी 2 मार्च को 2012 में हुई थी. कपल डांसिंग रियलिटी शो नच बलिए सीजन का विनर भी रहा था. आमिर और संजीदा कई टीवी सीरियल्स में देखे जा चुके हैं.